**यु. एस. डिपारटमेन्ट ऑफ जस्टेस**
फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन

# डराने धमकाने सम्बन्धित गाइड

## व्यक्ति से धमकी

**व्यक्ति को शारीरिक खतरा उस समय होता है जब आप उस व्यक्ति की निकटता के कारण आसन्न खतरे में होते हैं जो आपको धमकी देता है। आपके पास तीन विकल्प हैं:**

1. **भागें:** एक भागने के मार्ग की पहचान करें। किसी भी सामान को गिरा दें जो आपको धीमा कर सकता है। यदि संभव हो, तो दूसरों को भागने में मदद करें। 911 पर कॉल करें।
2. **छिपना:** खतरे के दृश्य से छिप जाऐं, दरवाजे पर ताला या प्रवेश मार्गों को बन्द कर दें । अपने सेल फ़ोन को (कंपन मोड पर) मौन रखें और खतरा खत्म होने तक चुप रहें।
3. **लड़ाई:** लड़ाई आखिरी उपाय होना चाहिए और केवल तभी जब आपका जीवन आसन्न खतरे में हो। खतरे को असमर्थ करने का प्रयास करें। यथासंभव अत्यन्त शारीरिक आक्रामकता के साथ कार्य करें।

**व्यक्ति को मौखिक धमकी तब है जब तत्काल प्राप्तकर्ता को खतरे में नहीं डालती है या उसे बाद में करे जाने का इरादा है।**

- लिखें अन्यथा खतरे को ठीक वैसे ही दर्ज करें जैसे कि इसका संचार हुआ था।
- उस व्यक्ति के बारे में कई वर्णनात्मक विवरण दर्ज करें, जिसने धमकी दी थी: नाम, जाति, लिंग, ऊंचाई, वजन, बाल और आंखों का रंग, आवाज, कपड़े, या कोई अन्य विशिष्ट विशेषताएं।
- कानून प्रवर्तन अधिकारी को खतरे की सूचना दें।

## फोन से धमकी

**फोन से धमकी, जो टेलीफोन द्वारा प्राप्त की गई हो। जब तक खतरा नज़दीक न हो या आपको या दूसरों को आसन्न नुकसान न पहुंच सके, तब तक आपको फोन करने वाले की और खतरे के बारे में अधिक से अधिक जानकारी प्राप्त करने की कोशिश करनी चाहिए।**

- शांत रहें और फोन बन्द ना करें ।
- जहां तक संभव हो फोन करने वाले से बात करते रहे और यह निर्धारित करने का प्रयास करें कि धमकी विशिष्ट, यथार्थवादी00 , या तत्काल आप को या दूसरों को खतरे में डाल सकती है ।
- यदि संभव हो तो पास के अन्य लोगों को सुनने के लिए संकेत करें और कानून प्रवर्तन अधिकारी को सूचित करें ।
- फ़ोन के इलेक्ट्रॉनिक डिस्प्ले से जानकारी को कॉपी करें।
- धमकी को यथार्थ शब्दौ मे लिखें।
- यदि संभव हो तो कॉल रिकॉर्ड करें।
- कानून प्रवर्तन कर्मियों के साथ विवरण पर चर्चा करने के लिए तयार रहें ।

## इलेक्ट्रॉनिक मेसेज से धमकी

**इलेक्ट्रॉनिक धमकी का संदेश इंटरनेट के माध्यम से सीधा संदेश, ईमेल, या सोशल मीडिया से आता है। इसमें ब्लैकमेल की धमकी या प्रतिकूल परिणाम शामिल हो सकते हैं यदि प्राप्तकर्ता पालन नहीं करता है।**

- अज्ञात प्रेषकों से इलेक्ट्रॉनिक संदेश या अटेचमेन्ट ना खोलें ।
- अज्ञात या अवांछित व्यक्तियों के साथ सोशल मीडिया पर संवाद न करें।
- सुनिश्चित करें कि आपकी सुरक्षा सेटिंग्स बचाव के उच्चतम स्तर पर सेट हैं।

**यदि कोई इलेक्ट्रॉनिक धमकी प्राप्त होती है:**

- मैसेज डिलीट न करें । फोरेंसिक परीक्षा महत्वपूर्ण विवरणों को उजागर कर सकती है।
- संदेश को कंप्यूटर पर खुला छोड़ दें।
- कानून प्रवर्तन अधिकरी को तुरंत सूचित करें
- संदेश, विषय पंक्ति, दिनांक और समय को प्रिंट, फोटोग्राफ या कॉपी करें।
- इलेक्ट्रॉनिक सबूत सुरक्षित रखें।

## साइबर हमले

**साइबर हमला आपके इलेक्ट्रॉनिक उपकरण को जोखिम मे डाल सकता हैं और व्यक्तिगत जानकारी का प्रकाशकरण कर सकता हैं ।**

- मजबूत पासफ्रेज़ का उपयोग करें और कई वेबसाइटों के लिए एक ही पासफ्रेज़ का उपयोग न करें ।
- स्वचालित रूप से अपडेट करने के लिए एंटी-वायरस और एंटी-मैलवेयर एप्लिकेशन सेट करें।
- उपलब्ध होते ही सिस्टम और सॉफ्टवेयर अपडेट लागू करें।
- दो कारक प्रमाणीकरण लागू करें।
- नियमित रूप से डेटा बैकअप करें।

**यदि आपको संदेह है कि आप साइबर हमले का शिकार हुए हैं:**

- अपने कंप्यूटर सिस्टम को ना मिटाएं या ना बदलें ।
- अपने खातों को पहचान की चोरी से बचाने के लिए तुरंत अपने वित्तीय संस्थानों से संपर्क करें ।
- पासफ्रेज़ बदलें और संदिग्ध गतिविधि के लिए खातों को मांनीटर करें।

***यदि आप तत्काल शारीरिक खतरे में हैं, तो 911 पर कॉल करें।***

*यदि आपको कोई खतरा महसूस होता है, तो कृपया अपने स्थानीय एफ बीआई क्षेत्र कार्यालय से संपर्क करें (www.fbi.gov पर लिस्टिंग उपलब्ध) या 1-800-CALLFBI या (1-800-225-5324) या www.fbi.gov/tips के माध्यम से एक टिप सबमिट करें।*

***आप फोन या ऑनलाइन द्वारा एफ बीआई को एक अनाम टिप भी दे सकते हैं।***

यु. एस. डिपारटमेन्ट ऑफ जस्टेस
फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन

# डराने धमकाने सम्बन्धित गाइड

## यदि मुझे डराने-धमकाने का अनुभव हो तो मुझे किससे संपर्क करना चाहिए: स्थानीय पुलिस या एफ बीआई से?

- यदि आप या अन्य लोग तत्काल शारीरिक खतरे में हैं, तो 911 डायल करके स्थानीय पुलिस को कॉल करें।
- यदि आप संघीय अपराध से जुड़े खतरे का अनुभव करते हैं, तो 1-800-CALLFBI (या 1-800-225-5324) या www.fbi.gov/tips पर कॉल करके अपने स्थानीय एफ बीआई क्षेत्र कार्यालय से संपर्क करें (www.fbi.gov पर लिस्टिंग उपलब्ध). उदाहरण विदेशी सरकार के एजेंट, अरगनाइज़ड क्रइम या सरकारी अधिकारी से खतरा। आपकी रिपोर्ट गुमनाम हो सकती है।
- सभी घटनाएं एफ बीआई की जांच सीमा को पूरा नहीं करती हैं। यदि आप ऐसी घटना के शिकार हैं जो एक संघीय अपराध की सीमा को पूरा नहीं करती है, तो आपको इसे अपने स्थानीय पुलिस विभाग को रिपोर्ट करने की आवश्यकता हो सकती है। स्थानीय और राज्य आधिकार क्षेत्रों में संदिग्ध अपराधों की जांच के लिए अलग-अलग सीमाएँ हैं।

## अगर मेरा एफ बीआई द्वारा इंटरव्यू लिया जाता है तो मैं क्या उम्मीद कर सकता / सकती हूं?

- एफ बीआई एजेंट आपके साथ एफ बीआई फील्ड ऑफिस या किसी अन्य स्थान पर मिल सकता / सकती है ।
- एफ बीआई आपको अपराधी और आपके द्वारा अनुभव किए गए खतरे के विवरण के बारे में अधिक से अधिक जानकारी प्रदान करने के लिए कहेगा ।
- एफ बीआई आपसे जरूरत पड़ने पर आगे की कार्यवाही के लिए आपसे संपर्क जानकारी के लिए कहेगा।
- एफ बीआई आपकी पहचान और गोपनीयता की रक्षा करने का प्रयास करेगी ।
- यदि उपयुक्त हो, तो सूचना और समर्थन देने के लिए इंटरव्यू के दौरान एक एफ बीआई विक्टिम स्पेशलिस्ट उपस्थित हो सकता / सकती है, या वे फोन या मेल से आपके इंटरव्यू के बाद आपसे संपर्क कर सकते हैं।

## एफ बीआई के लिए पूर्ण जांच और / या जांच शुरू करने के लिए क्या सीमा है?

- एफ बीआई उन धमकियों की जांच करने में सक्षम है जो अमेरिकी संघीय कानून का उल्लंघन करते हैं और प्राप्तकर्ता को नुकसान या खतरे का संकेत देते हैं।
- धमकी के लिए आरोपित व्यक्तियों पर मुकदमा चलाने के लिए अमेरिकी कानून प्रवर्तन की क्षमता कई कारकों पर निर्भर है, जैसे: प्रमाण की गुणवत्ता, उन व्यक्तियों की पहचान करने की क्षमता जिन्होंने कार्रवाई की हो, साजिश की पहचान, और / या मुजरिम व्यक्तियों को गिरफ्तार करने की क्षमता।

## अगर एफ बीआई जांच शुरू करती है तो मैं क्या उम्मीद कर सकता/ सकती हूं?

- यदि एफबीआई का मानना है कि संघीय अपराध हुआ है, तो एक या एक से अधिक एफ बीआई विशेष एजेंट जांच करेंगे। जांच के हिस्से के रूप में, एजेंट सबूत इकट्ठा करेंगे, जिसमें आपके और अन्य पीड़ितों के साथ का इंटरव्यू शामिल हो सकता है।
- आपको फेडरल ग्रेन्ड जूरी के समक्ष अपने अनुभव का वर्णन करने के लिए भी कहा जा सकता है।
- पूरी जांच की जाएगी। जांच को समाप्त होने में लंबा समय लग सकता है, और आपको दिन प्रतिदिन मामले के घटनाक्रम के बारे में अपडेट नहीं किया जाएगा। जांच की प्रमुख घटनाओं के बारे में आपको बताने का हर संभव प्रयास किया जाएगा जैसे गिरफ्तारी या अभियोग। एफ बीआई जब संभव हो, जनता को जारी करने से पहले आपको ऐसी जानकारी प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। हालांकि, एफ बीआई को हमेशा सावधान रहना चाहिए कि वह संवेदनशील जानकारी को उजागर न करे जो जांच को नुकसान पहुंचा सकती है या कानून प्रवर्तन के लिए खतरा बढ़ा सकती है ।
- एफ बीआई का विक्टिम स्पेशलिस्ट पहचाने गऐ पीड़ितो की सहायता, जानकारी और सभी स्थानीय संसाधनों के रेफरल जिनकी आवश्यकता हो सकती है के लिए सज होगा।

***अगर आप के विवरण की रिपोर्ट की कैसे आप को धमकी दी गई या आप पर साइबर हमला हुआ था, जांच में परिवर्तित नहीं हुआ, संभवत: यह एफ बीआई को खतरों का पता लगाने और रुझानों की पहचान करने में अन्य पीड़ितों की सहायता करेगा।***

*एफ बीआई क्षेत्र कार्यालय से संपर्क की जाने वाली सूचना कार्यालय और राज्य में WWW.FBI.GOV पर उपलब्ध है । यदि आप आसन्न खतरे में हैं,तो 911 पर कॉल करैं ।*